नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## हिंदी विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

### गांधी समकालीन संत-परंपरा के व्यक्तित्व थे - कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

वर्धा, दि. 30 जनवरी 2020 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि गांधी समकालीन संत-परंपरा के व्यक्तित्व थे। मनुष्य मात्र की स्वतंत्रता के लिए गांधी के कार्य अभी बाकी है। हमें ग्राम केंद्रित लोकशाही के माध्यम से अंतिम आदमी को



सामने रखकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधीजी आजीवन मनुष्य के कल्याण के लिए यत्न करने वाले ऋषि थे। विश्वविद्यालय के श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन स्थित कस्तूरबा सभागार में सुबह 11.00 बजे महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर



महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी समाजकार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने वैष्णव जन तो और रघुपति राघव राजा राम गीत प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट, डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. शोभा पालीवाल सहित अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिथिलेश कुमार ने किया।